**खबर संक्षेप**

### चार साहिबजादे का विशेष प्रदर्शन कल

**शहडोल।** सिख इतिहास के स्वर्णिम अध्याय और दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के महान बलिदान को नमन करने के लिए शहडोल में विशेष आयोजन किया जा रहा है। 25 दिसंबर, गुरुवार को दोपहर 2:00 बजे के-स्क्वायर मल्टीप्लेक्स में फिल्म चार साहिबजादे का विशेष प्रसारण होगा। इस गरिमामयी शो की सेवा सरदार बलमीत सिंह खनूजा एवं परिवार द्वारा प्रदान की जा रही है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को साहिबजादों के साहस और धर्म की रक्षा हेतु दिए गए सर्वोच्च बलिदान से परिचित कराना है। खनूजा परिवार ने शहडोल संभाग की समस्त संगत से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस ऐतिहासिक शौर्य गाथा के साक्षी बनें।

### आरोपियों से चीतल का मांस, कुल्हाड़ी जब्त



**उमरिया।** क्षेत्र संचालक एवं उपसंचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व सहायक संचालक पनपथा के निर्देशन में वन परिक्षेत्र पनपथा बफर की टीम द्वारा खुसरिया बीट के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 191 स्थान बड़वाहार के जंगल में मोलई पिता मंगल सिंह एवं बिहारी सिंह सकिन बनासी तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल नामक व्यक्तियों द्वारा चीतलों के झुंड पर कुत्तों से हाका लगाकर मादा चीतल को कुत्तों द्वारा काट के गिराया गया उसके बाद आरोपियों के द्वारा डंडे से मार-मार कर चीतल को मार डाला और उनके द्वारा चीतल के मांस को अन्य चार व्यक्तियों को भी बांटा गया। आरोपी मोलई के घर पर आए रिश्तेदारों आदि को भी खिलाया गया जिनके नाम रामदास सिंह पिता गोरेलाल एवं शिव प्रसाद पिता विश्वनाथ सिंह सकिन हिड़वाह तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल है। आरोपियों के पास से 3 किलो कच्चा मांस एक नग कुल्हाड़ी की जप्ती की गई।चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### गणित सिर्फ विषय नहीं, ब्रह्मांड की भाषा है: कुलपति

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस-2025 के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय बौद्धिक समागम का नवलपुर परिसर स्थित माता शबरी सभागार में भव्य समापन हुआ। इस आयोजन ने स्पष्ट कर दिया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा से लेकर आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक गणित ही वह केंद्रीय कड़ी है जो विज्ञान और तकनीक को जोड़ती है।

**प्रकृति और आधुनिक तकनीक का आधार है गणित-** कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर कुलपति (कुलगुरु) ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में रेखीय एवं अरेखीय समीकरणों का उल्लेख करते हुए बताया कि गणित प्रकृति और आधुनिक विज्ञान की आधारशिला है। वहीं, प्रो. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने मधुमक्खियों के षट्भुजाकार छत्तों का उदाहरण देते हुए प्रकृति में निहित गणितीय संतुलन और दक्षता को रेखांकित किया।

**वैदिक गणित से एआई तक का सफर-** विशेषज्ञ वक्ता डॉ. एस. के. मल्होत्रा (भोपाल) ने भारतीय वैदिक गणित की वैज्ञानिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, जबकि उज्जैन के डॉ. एस. के. तिवारी ने ऑनलाइन माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और एल्गोरिद्म के अंतर्संबंधों को समझाया। भौतिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता ने क्वांटम गणित की अवधारणा को आधुनिक भौतिकी से जोडक़र प्रस्तुत किया।

**युवा मेधा ने दिखाया उत्साह-** गणित विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार निगम के बीज वक्तव्य के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण और प्राचीन गणितज्ञों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## शहडोल में केरल की स्वर्ण जीत खेल संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का दिखा अद्भुत संगम

# बास्केटबॉल के राष्ट्रीय महाकुंभ का भव्य समापन











### विदाई की बेला में नम हुईं देश भर के खिलाड़ियों की आंखें

### शहडोल की मेहमानवाजी ने जीता देश का दिल

शहडोल।

विंध्य की धरा पर खेल, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का जो अनूठा संगम पिछले पांच दिनों से देखने को मिल रहा था, उसका मंगलवार को महात्मा गांधी स्टेडियम में भव्य और भावुक समापन हुआ। 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में केरल की टीम ने अपने आक्रामक खेल और अचूक रणनीति के दम पर जीत का परचम लहराया, लेकिन इस आयोजन की सबसे बड़ी जीत शहडोल की वह मेहमाननवाजी रही, जिसने कश्मीर से कन्याकुमारी तक से आए खिलाडिय़ों और कोचों को अपना मुरीद बना लिया।

### केरल की सटीक रणनीति के आगे महाराष्ट्र पस्त

प्रतियोगिता का अंतिम और सबसे रोमांचक मुकाबला केरल और महाराष्ट्र के बीच खेला गया। कोर्ट पर दोनों टीमों के बीच आर-पार की जंग देखने को मिली। एक-एक अंक के लिए खिलाडिय़ों ने पसीना बहाया, लेकिन केरल की टीम की सटीक ड्रिबलिंग, मजबूत डिफेंस और शानदार टीम वर्क ने अंततः उन्हें विजेता बना दिया। महाराष्ट्र को उप-विजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा। स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों की तालियों की गडग़ड़ाहट ने खिलाडिय़ों के जोश को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया।

### शहडोल ने बदला नजरिया

समापन समारोह में देश के कोने-कोने से आए टीम मैनेजरों ने जो अनुभव साझा किए, वे इस आयोजन की सफलता की सबसे बड़ी गवाही हैं। जम्मू-कश्मीर के टीम मैनेजर भीम सेन ने भावुक होते हुए कहा कि सच कहूं तो पहले शहडोल आने का मन नहीं था, लेकिन यहां की पावन धरा पर कदम रखते ही जो अपनापन मिला, उसने मेरा दिल जीत लिया। 4 दिन कैसे बीते पता ही नहीं चला। यहां के लोगों की मुस्कान उम्र भर याद रहेगी। वही चंडीगढ़ के सुनील कुमार और झारखंड की प्रियंका कुमारी ने शहडोल के प्रशासन और आम जनता की तारीफ करते हुए कहा कि रहने, भोजन और सुरक्षा की जो व्यवस्था यहां की गई, वैसी बड़े महानगरों में भी दुर्लभ है। अधिकारियों और कर्मचारियों ने ड्यूटी नहीं, बल्कि आत्मीयता से जिम्मेदारी निभाई।

### कुलगुरु की दोटूकः खेल खैरात नहीं

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामाशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल मैदान में हार-जीत तो चलती रहती है, लेकिन नियमों का पालन और एक-दूसरे के प्रति सम्मान ही भारतीय खेल संस्कृति है। उन्होंने कड़े शब्दों में अनुशासन की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि 358 खिलाडिय़ों ने जिस संयम का परिचय दिया, वह आने वाली पीढ़ी के लिए मिसाल है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने भी सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

### 30 राज्यों की मेधा, 358 खिलाड़ी और 5 दिनों का रोमांच

उल्लेखनीय है कि 19 से 23 दिसंबर तक चले इस खेल महाकुंभ में आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल सहित कुल 30 टीमों के खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया। महात्मा गांधी स्टेडियम से लेकर डाइट परिसर और गुड शेफर्ड स्कूल के कोर्ट्स तक, हर जगह खिलाडिय़ों के हुनर ने दर्शकों को रोमांचित किया।

### सांस्कृतिक छटा के बीच उतरा खेल ध्वज

समारोह के अंत में विजेता और उप-विजेता टीमों को शील्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्रों से नवाजा गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर भारतीय लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा खेल ध्वज का ससम्मान अवतरण किया गया, जिसके साथ ही इस राष्ट्रीय आयोजन का आधिकारिक समापन हुआ। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलवती सिंह, जनपद अध्यक्ष हीरावती कोल, संयुक्त संचालक खेल उमेश कुमार धुर्वे, डीईओ फूल सिंह मरपाची, एपीसी रमसा अरविंद पाण्डेय सहित भारी संख्या में खेलप्रेमी और पत्रकार उपस्थित रहे।

### धन्यवाद शहडोल!

यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं थी, बल्कि यह शहडोल की प्रशासनिक क्षमता और सामाजिक समरसता का लिटमस टेस्ट था, जिसमें शहर शत-प्रतिशत खरा उतरा है। राष्ट्रीय मानचित्र पर शहडोल ने अपनी एक खेल प्रेमी और मेहमाननवाज छवि अंकित की है, जो आने वाले समय में जिले के लिए गौरव का विषय रहेगी।

### शहडोल में अभियोजन अधिकारियों की हाई-प्रोफाइल कार्यशाला संपन्न

## वन्यजीव अपराधियों पर कसेगा कानूनी शिकंजा

शहडोल।

बेजुबान वन्यजीवों के शिकार और उनके अंगों की तस्करी करने वाले अपराधियों की अब खैर नहीं। लोक अभियोजन संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार, होटल विजयश्री में आयोजित एक दिवसीय वन्य एवं वन्यजीव कानून कार्यशाला में अभियोजन अधिकारियों को कानूनी दांव-पेंचों से लैस किया गया।

### भूमि विवाद और केस स्टडी पर मंथन

विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर सारोधन सिंह ने वन एवं राजस्व भूमि के बीच होने वाले विवादों और उनके समाधान पर कड़ा व्याख्यान दिया। वहीं, दक्षिण वन मंडल की डीएफओ श्रद्धा मैडम ने केस स्टडी के माध्यम से बताया कि विवेचना में कौन सी खामियां अपराधियों को लाभ पहुंचाती हैं, जिन्हें अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों से मिली धार

वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी उमरिया रवींद्र सिंह ने उच्चतम एवं उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण साइटेशन के माध्यम से विधि की व्याख्या की। कार्यशाला में संभाग भर के अभियोजन अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जहां उन्हें साक्ष्यों के संकलन और पैरवी को और अधिक आक्रामक बनाने के गुर सिखाए गए। उप निदेशक अभियोजन एस.एल. कोस्टा की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यशाला में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन एडीपीओ सत्यम पाण्डेय ने किया।

### न्याय और संरक्षण का संगम

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश काशीनाथ सिंह ने किया। उन्होंने अपने कड़े उद्बोधन में वन्यजीव अधिनियम के ऐतिहासिक विकास और इसके सख्त क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए वन्यजीव कानूनों की बारीकी को समझना हर अधिकारी के लिए अनिवार्य है।

## दुष्कर्म करने वाला इनामी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

शहडोल।



जिले के धनपुरी थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले एक फरार इनामी आरोपी को उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले से दबोचने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी संजय कुमार यादव उर्फ सोनू उम्र 21 वर्ष पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जुलाई माह में एक पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी संजय यादव ने उसे शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाए और बाद में मुकर गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था, जिसके बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने पैतृक गांव अहिरनपुरवा (श्रावस्ती, उ.प्र.) में छिपा है। धनपुरी पुलिस ने 21 दिसंबर को दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया और 23 दिसंबर को उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो, उपनिरीक्षक नागेंद्र प्रताप सिंह, सउनि राजेंद्र शुक्ला और उनकी टीम की भूमिका रही।

### विद्युत पेंशनर्स का हल्ला बोल: पेंशन खैरात नहीं, हमारा हक है

## मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा अल्टीमेटम




शहडोल।

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ (शाखा-शहडोल) के बैनर तले एकजुट हुए पेंशनर्स ने मंगलवार को कलेक्टर केदार सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पेंशनर्स ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि उनके सब्र का बांध अब टूट रहा है और सरकार उनकी जायज मांगों को अनसुना करना बंद करे।

### उत्तर प्रदेश की तर्ज पर सरकारी गारंटी की मांग

पेंशनर्स संघ की सबसे प्रमुख और तीखी मांग ट्रेजरी (खजाने) से पेंशन भुगतान को लेकर है। संघ ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी पेंशन का भुगतान शासकीय गारंटी के साथ सीधे ट्रेजरी से किया जाए। पेंशनर्स का कहना है कि वे पेंशन खैरात नहीं, अधिकार के सिद्धांत पर लड़ रहे हैं और इसे लेकर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### महंगाई राहत पर सरकार की घेराबंदी

संघ ने केंद्र सरकार द्वारा घोषित दर और तिथि के अनुसार महंगाई राहत की राशि का पूरा भुगतान करने की मांग दोहराई है। पेंशनर्स का आरोप है कि टैरिफ में पूर्व निर्धारित मदों के बावजूद उन्हें उनके हक की राशि से वंचित रखा जा रहा है। ज्ञापन में साफ कहा गया है कि बुजुर्गों के साथ इस तरह का आर्थिक अन्याय अब बर्दाश्त नहीं होगा।

### आर-पार की लड़ाई का आह्वान

शहडोल जिला अध्यक्ष बी.के. गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष एन.के. सिंह और सचिव जी.के. विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने दोटूक कहा कि यदि मुख्यमंत्री स्तर पर इन मांगों का तत्काल निराकरण नहीं हुआ, तो यह संयुक्त संघर्ष मोर्चा आंदोलन को और उग्र बनाएगा। पेंशनर्स ने कलेक्टर से मांग की है कि उनके ज्ञापन को सकारात्मक अनुशंसा के साथ मुख्यमंत्री तक भेजा जाए, ताकि सालों से लंबित इन समस्याओं का अंत हो सके। अब देखना यह है कि क्या सरकार इन बुजुर्गों की दहाड़ सुनती है या फिर यह संघर्ष सडक़ों पर उतरने को मजबूर होगा।

## अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दे किया दुष्कर्म

## अब 20 साल तक चक्की पीसेगा आरोपी

शहडोल।

मासूमों की अस्मत से खेलने वाले और सोशल मीडिया को ब्लैकमेलिंग का हथियार बनाने वाले अपराधियों के लिए शहडोल कोर्ट ने एक नजीर पेश की है। बुढ़ार थाना क्षेत्र के एक पुराने मामले में माननीय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए आरोपी महेन्द्र महरा को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

### फेसबुक पर दोस्ती

यह पूरा मामला डिजिटल धोखेबाजी और यौन उत्पीडऩ का एक भयावह उदाहरण है। आरोपी महेन्द्र महरा 25 वर्ष निवासी ग्राम तितरा, ने फेसबुक के जरिए एक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा से दोस्ती की। जब छात्रा ने उस पर भरोसा किया, तो आरोपी ने उसकी मासूमियत का फायदा उठाना शुरू कर दिया। आरोपी ने वीडियो कॉल के दौरान धोखे से पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरें लीं और फिर शुरू हुआ धमकियों का सिलसिला।

### होटल में बंधक बनाकर लूटी अस्मत

आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि यदि वह उससे मिलने नहीं आई, तो वह उसकी तस्वीरों से फर्जी आईडी बनाकर उन्हें वायरल कर देगा। लोक-लाज के डर से सहमी छात्रा जब मिलने पहुंची, तो आरोपी उसे अनूपपुर के एक होटल ले गया, जहां उसके साथ कई बार दरिंदगी की गई। हैवानियत यहीं नहीं रुकी, आरोपी ने होटल में भी पीड़िता की आपत्तिजनक फोटो खींची और लगातार उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करता रहा।

### जेल के साथ भारी जुर्माना

जब आरोपी ने हद पार करते हुए पीड़िता की एडिटेड अश्लील तस्वीरें फेसबुक पर अपलोड कर दीं, तब पीड़िता ने साहस जुटाकर परिजनों को आपबीती सुनाई। अभियोजन अधिकारी कुबेन्द्र शाह ठाकुर और संतोष कुमार पाटले की दमदार पैरवी के बाद न्यायालय ने आरोपी को पाक्सो एक्ट (धारा 5/6) के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास और 5,000 अर्थदंड, पास्को एक्ट (धारा 67-क) 3 वर्ष का सश्रम कारावास और एक लाख का भारी जुर्माना, अपहरण धारा 366 के तहत 7 वर्ष का कारावास। पीड़िता को राहत देने के लिए न्यायालय ने पीड़िता को 4 लाख रूपये प्रतिकर राशि देने का भी आदेश दिया है। यह फैसला उन लोगों के लिए कड़ा संदेश है जो तकनीक का उपयोग बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने के लिए करते हैं। पुलिस और कानून अब डिजिटल दरिंदों को बख्शने के मूड में नहीं है।

## दहेज के लोभियों ने मानवता को किया शर्मसार: 5 लाख और बाइक के लिए बहु को दी रूह कंपाने वाली यातनाएं

**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र से दहेज उत्पीडऩ का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने समाज के चेहरे पर कालिख पोत दी है। यहां एक विवाहिता को शादी के महज कुछ महीनों बाद ही दहेज के भूखे भेडिय़ों ने शारीरिक और मानसिक प्रताडऩा की भट्टी में झोंक दिया। पीड़िता पूजा यादव ने अपने ससुराल वालों पर 5 लाख नगद और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर बंधक बनाने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### शादी के अगले ही दिन से शुरू हुआ खूनी खेल

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कंचनपुर निवासी पूजा यादव का विवाह 17 मई 2025 को उधिया निवासी अमरेश यादव के साथ बड़े ही अरमानों के साथ हुआ था, लेकिन उसे क्या पता था कि जिस घर को वह अपना समझकर जा रही है, वहां यमदूत उसका इंतजार कर रहे हैं। विदाई के अगले ही दिन से पति अमरेश, ससुर हीरालाल, सास द्रोपदी, जेठानी रीनू और जेठ राजकुमार यादव ने कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।



### पुलिस की सुस्ती ने बढ़ाया अपराधियों का दुस्साहस

हैरानी की बात यह है कि 13 दिसंबर को सिंहपुर थाने में शिकायत करने के बावजूद पुलिस का रवैया ढीला रहा। 17 दिसंबर को दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया, जहां पुलिस के सामने ही ससुराल वालों ने दोटूक कह दिया, जब तक 5 लाख और बाइक नहीं मिलेगी, इसे घर में नहीं रखेंगे, चाहे जो उखाडऩा है उखाड़ लो। पुलिस की मौजूदगी में इस तरह की चुनौती देना यह दर्शाता है कि अपराधियों के मन में कानून का रत्ती भर भी खौफ नहीं है।

### कमरे में बंद कर किया टॉर्चर

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि ससुराल पक्ष की मांग पूरी न होने पर उसे खाने-पीने के लिए मोहताज कर दिया गया। हद तो तब हो गई जब 7 दिसंबर 2025 को इन दरिंदों ने मिलकर पूजा को घर के एक कमरे में बंद कर दिया और बेरहमी से मारपीट की। उसका मोबाइल भी छीन लिया गया ताकि वह किसी से मदद न मांग सके। किसी तरह 10 दिसंबर को जान बचाकर वह अपने मायके पहुंची और आपबीती सुनाई।

### न्याय की गुहार

वर्तमान में आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़िता को लगातार धमकियां दे रहे हैं। न्याय न मिलने से हताश होकर पूजा यादव ने अब पुलिस अधीक्षक के द्वार पर दस्तक दी है। पीड़िता ने मांग की है कि इन दहेज लोभियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई और बेटी इस तरह की दरिंदगी का शिकार न हो। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इन रसूखदार और बेखौफ आरोपियों पर नकेल कसता है या एक बेटी न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर रहेगी?

**खबर संक्षेप**

### 29 दिसम्बर को सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि जिला पंचायत उमरिया की सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 29 दिसम्बर 2025 को समय 1 बजे से जिला पंचायत उमरिया के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन आज

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कार्यक्रम का आयोजन 24 दिसम्बर 2025 को समय दोपहर 12 बजे से रणविजय कॉलेज प्रांगण मे किया गया हैं। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत बनाये गए नियम जिसमें उपभोक्ता संरक्षण गतिविधियों के संचालन, शासकीय योजनाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सुविधाओ के संबंध में उपभोक्ता जागरूकता संबंधी विषयों पर उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम की प्रदर्शिनियां लगाने हेतु फ्लैक्स, बैनर, पम्पलेट आदि उपभोक्ताओं के हितों से संबंधित जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को जागरूक किये जाने के उद्देश्य से उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम तथा संगोष्ठी कार्यशाला, प्रदर्शनी, प्रश्नमंच नुक्कड नाटक,रैली,रथा प्रकाशन आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

### 26 दिसंबर को रोजगार मेले का आयोजन

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि आईटीआई उमरिया में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 26 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से किया गया है । मेले में रावया फोर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंटीग्रेटेड पर्सनल सर्विसेज, श्रीराम फायनेंस उमरिया, एसबीआई लाइफ इंशोरेंस उमरिया, प्रथम एजुकेशन जबलपुर, एसआईआर अनूपपुर, एलआईसी उमरिया, एसएमपीएल इंटीग्रेटेड टेक्सपटाइल इंडस्ट्री रायसेन मप्र, भीलवाडा राजस्थाटन, परफेक्टस सलूशन सर्विसेज कंपनी भाग लेगी।

### डॉ. श्रीकांत मिश्रा बने प्रभारी प्राचार्य

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा के प्रभारी प्राचार्य के रूप में डॉ. श्रीकांत मिश्रा की नियुक्ति की गई है। डॉ. श्रीकांत मिश्रा इतिहास विषय में सहायक प्राध्यापक के पद पर लगभग 6 वर्षों से अध्यापन एवं शोध कार्य में सक्रिय हैं तथा उन्होंने इतिहास विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. मिश्रा द्वारा महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं संस्थागत विकास के उद्देश्य से पूर्व में दो वेबीनारों का सफल आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने लगभग 10 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में अपने शोध पत्र प्रकाशित एवं प्रस्तुत किए हैं, जो उनके अकादमिक अनुभव एवं शोध क्षमता को दर्शाते हैं। महाविद्यालय में उन्होंने छात्रवृत्ति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उत्साहवर्धन हेतु उनके द्वारा यूपीएससी एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की जाती रही है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त जिम्मेदारी का निर्वहन मैं पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ करूंगा। महाविद्यालय में होने वाले नैक मूल्यांकन को दृष्टिगत रखते हुए तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शासन की नीतियों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। महाविद्यालय परिवार एवं शैक्षणिक समुदाय को विश्वास है कि डॉ. श्रीकांत मिश्रा के नेतृत्व में शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय, कोतमा शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं नवाचार की दिशा में नई उपलब्धियाँ अर्जित करेगा।

## घर की सफाई के बहाने बुलाकर दुष्कर्म और हत्या, आरोपी गिरफ्तार

# पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा

उमरिया।

मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात में पाली थाना पुलिस ने ग्राम बंधवाबारा हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घर के मालिक राजकुमार गोड़ को अपनी ही परिचित महिला के साथ दुष्कर्म और उसकी नृशंस हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने न केवल पवित्र मानवीय विश्वास का कत्ल किया, बल्कि अपराध को छिपाने के लिए शव को अपने ही घर में कैद कर लिया था।

**विश्वासघात की खौफनाक पटकथा**

घटनाक्रम के अनुसार 20 दिसंबर को आरोपी राजकुमार गोड़ ने 45 वर्षीय अमशिया बैगा पति सोहन बैगा को घर की साफ-सफाई करने के बहाने अपने घर बुलाया था। मजदूरी और काम के झांसे में आई महिला जब आरोपी के सूने घर पहुंची, तब आरोपी की नीयत डोल गई। एसडीओपी एस.सी. बोहित के मुताबिक आरोपी ने महिला को अकेला पाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। अपनी हवस मिटाने के बाद जब आरोपी को लगा कि उसका गुनाह दुनिया के सामने आ जाएगा, तो उसने बेरहमी से महिला को मौत के घाट उतार दिया।

**साक्ष्यों ने खोला राज**

महिला के अचानक लापता होने से परिजनों में हडक़ंप मच



गया था। जब तलाशी के दौरान महिला का शव आरोपी राजकुमार के घर से बरामद हुआ, तो गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम को मौके पर बुलाया। घटनास्थल से मिले संदिग्ध साक्ष्यों और तकनीकी जांच ने इशारा कर दिया था कि यह सामान्य मृत्यु नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। पुलिस ने जब राजकुमार को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसका झूठ ज्यादा देर तक टिक नहीं सका। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने पहले दुष्कर्म किया और फिर पकड़े जाने के डर से हत्या कर दी।

**कानूनी शिकंजा और ग्रामीणों का आक्रोश**

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की अत्यंत गंभीर और सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस जघन्य अपराध की खबर फैलते ही पूरे बंधवाबारा गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोपी को फांसी जैसी कड़ी सजा देने की मांग की है। क्षेत्र में तनाव और दहशत को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने निष्पक्ष जांच और त्वरित न्याय का आश्वासन दिया है।

**न्याय की उम्मीद**

फिलहाल आरोपी पुलिस की रिमांड में है, पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इस कृत्य में कोई और भी संलिप्त था या आरोपी ने पूर्व में भी ऐसी किसी घटना को अंजाम दिया है। इस घटना ने एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा और समाज में छिपे ऐसे दरिंदों की मानसिकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**इनका कहना है...**

यह एक अक्षम्य और जघन्य अपराध है। पुलिस ने सभी ठोस साक्ष्य जुटा लिए हैं और आरोपी के विरुद्ध चालान पेश कर सख्त से सख्त सजा सुनिश्चित कराई जाएगी ताकि समाज में एक नजीर पेश हो सके।

**एस.सी. बोहित**
**एसडीओपी, बिरसिंहपुर पाली**

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 69 आवेदकों की समस्याएं



उमरिया।

साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आये 69 आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा निराकरण के लिए आवेदन को संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया । जनसुनवाई में अनीता कोल, हेमवती ग्राम लोढ़ा ने बिजली, पानी की सुविधा उपलब्ध कराने, कल्पना यादव ग्राम कचिया टोला ने खाते का होल्ड हटवाने, सागर महोबिया ग्राम जैतपुरी ने सांईनाथ पैरामेडिकल कालेज द्वारा दस्तावेज सत्यापन नही करने एवं अनुचित पैसों की मांग करने, शिव प्रसाद कोरी ग्राम मझगवां ने जमीन का सीमांकन कराने, चंद्रकली सिंह जनपद सदस्य मानपुर ने सामुदायिक भवन का निर्माण कराने, ओम प्रकाश सिंह ग्राम बरतराई ने भवन में हुए अतिक्रमण को हटाने, रीतू शुक्ला मोहनपूरी ने झुग्गी झोपड़ी का पट्टा दिलाने, लल्ला बैगा डोडग़वा ने पी एम आवास एवं पी एम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिए जाने सम्बधित आवेदन किया । जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, प्रभारी एस डी एम कमलेश नीरज सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्वाचन नामावली के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में बैठक संपन्न

उमरिया।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026, निर्वाचन नामावली का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर को कलेक्टर सभागार में किया गया । बैठक में मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में प्रारूप प्रकाशन के पश्चात दावे और आपत्ति 22 जनवरी तक प्राप्त की जाएगी। नोटिस जारी करने का कार्य 23 दिसंबर से 14 फरवरी तक किया जाएगा । मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 फरवरी को किया जाएगा । नोटिस की सुनवाई के लिए एईआरओ को नियुक्त किया गया है । उन्होने बताया कि जिले में कुल 643 मतदान केंद्र है जिसमें विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ में 302 तथा मानपुर विधानसभा क्षेत्र में 341 मतदान केंद्र शामिल है । उन्होने बताया कि 23 दिसंबर तक की स्थिति में 89 बांधवगढ में 218611 मतदाता तथा 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र में 239882 मतदाता है । फार्म भरकर वापस नही करने वाले मतदाताओ की संख्या 24423 है । सर्विस वोटरो की संख्या 212 है । पीडब्ल्यूडी वोटरो की संख्या 3474 है। सीनियर सिटिजन की संख्या 2524 है । उन्होंने एसआईआर में प्राप्त फॉर्म 6 एवं फार्म 8 कि जानकारी देते हुए बताया कि 89 बांधवगढ में 507 फार्म -6 , 338 फार्म -8 आनलाइन भरे गये है । मानपुर में 774 फार्म - 6 तथा 366 फार्म -8 आनलाइन भरे गये है । बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, प्रभारी एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से धनुषधारी सिंह, इंजी. विजय कोल, राजीव सिंह बघेल, प्रदीप रजक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फ्लैश कार्ड, रंग बिरंगी थालियों के माध्यम से दी जा रही पोषण आहार की जानकारी

उमरिया।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि जिले कि आंगनबाडी केन्द्रो में फ्लैश कार्ड,रंग बिरंगी थालियों के माध्यम महिलाओ को पोषण आहार की जानकारी दी जा रही है। उन्होने बताया कि गत दिवस पाली के आंगनबाडी केंद्र डिडवरिया तथा मानपुर के बल्हौड में पोषण आहार से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए ।**



इस अवसर पर कुपोषित बच्चों के परिवार जन को समझाइश के रूप में वजन बढ़ाने वाले पौष्टिक भोजन,हरी सब्जिया,फल, सुपुष्टि चूर्ण के रूप में मुरमुरा, गुड, चना इत्यादि सामग्री का मिश्रण तैयार करने एवं सहजन की पत्तियों का पाउडर बनाकर बच्चो को खिलाने की समझाइश दी गई साथ ही साथ जो कुपोषित बच्चे अब स्वस्थ हो चुके हैं, उन के माता-पिता का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिससे अन्य परिवारजनों का उत्साह बढ़ सके। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी पाली मोनिका सिन्हा, परियोजना अधिकारी मानपुर राजनारायण सिंह, सुपरवाईजर सहित महिलाएं उपस्थित रही।

**संभागीय उपाध्यक्ष महेंद्र चौधरी के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन**

## ठंडे बस्ते में पड़ी क्रमोन्नति का मुद्दा फिर उठा

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।



अनूपपुर प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की प्रथम व द्वितीय क्रमोन्नति लंबे समय से ठंडे बस्ते में पड़े होने के विरोध में प्रांतीय शिक्षक संघ (मध्यप्रदेश) के प्रतिनिधिमंडल ने संभागीय उपाध्यक्ष महेंद्र चौधरी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा इस दौरान जिलाध्यक्ष जिला अनूपपुर बृजेश नाथ मिश्रा तथा ब्लॉक अध्यक्ष अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ भी संयुक्त रूप से नेतृत्व में शामिल रहे ज्ञापन में बताया गया कि प्राथमिक शिक्षकों के 12 वर्ष एवं माध्यमिक शिक्षकों के 24 वर्ष पूर्ण होने के बावजूद क्रमोन्नति की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा रही है, जिससे शिक्षकों में भारी असंतोष है। संभागीय उपाध्यक्ष महेंद्र चौधरी ने कहा कि शिक्षकों के वैधानिक अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि शीघ्र क्रमोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई तो संगठन को आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपते समय संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## वाहन मालिक की सक्रियता से वाहन चोर को पकड़ने में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन बाइक चोर गिरोह के द्वारा नगर में लगातार सक्रिय होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता हैं। रविवार को व्यापारी शिवांशु सोनी 20 बर्ष की दो पहिया वाहन जो दुकान के सामने खड़ी थी जिसे शातिर चोर चोरी कर भाग गया। गाड़ी की आवाज से चोरी का एहसास होने पर मालिक के द्वारा पीछा करते हुए चोर को बस स्टैंड के पीछे तालाब के पास पकड़ते हुए पुलिस के सुपुर्द किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी विशम्बर सिंह पवार 34 वर्ष निवासी खोडरी थाना जैतपुर शहडोल का है जो कि आदतन चोर है जिसके खिलाफ कोतवाली अनूपपुर, रामनगर सहित स्थानीय थाने में चोरी के मामले पंजीबद्ध है। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने बताया कि बदमाश शातिर प्रवृति का है जो जैतपुर 70 किलीमीटर दूर से बाइक चोरी करने कोतमा आया था। पुलिस के द्वारा धारा 303 (2) में मामला दर्ज करते हुए विवेचना की जा रही है। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है। बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 2 निवासी शिवांशु सोनी रविवार के दिन अपने दुकान में था दुकान के सामने बाइक खड़ी थी शाम 7:30 बजे के लगभग चोर के द्वारा गाड़ी को स्टार्ट कर ले जाया गया। गाड़ी की आवाज सुनकर फरियादी को वाहन चोरी का एहसास हुआ और इसके बाद वह भी पीछा करते हुए दबोचने में सफल हो सका। परिजन व आसपास के लोगों की मदद से चोर को अपने साथ दुकान लाया और पुलिस के हवाले किया पुलिस अन्य चोरियों के संबंध में पकड़े गए शातिर चोर से पूंछतांछ कर रही है।



### 40 वर्षीय सीताराम सिंह गोंड का शव पेड़ में पाया गया लटका

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

थाना अंतर्गत मंगलवार को सुबह रेलवे लाइन किनारे कलमुडी के पास 40 वर्षीय सीताराम सिंह गोंड का शव पेड़ में लटका पाया गया। बकरी चराने वाले के द्वारा पेड़ में लटके देखा गया। सुनसान जगह पर शव मिलने की सूचना से आस पास के रहवासी क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान सीताराम सिंह गोंड 40 निवासी गोविंदा गांव के रूप में हुई है जो पिछले 6 दिन से लापता चल रहा था। बताया जाता है कि मृतक घर से फोटो कॉपी कराने कहकर निकला और वापस नहीं आया। पिता के द्वारा 17 दिसंबर को थाना में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी। रेलवे लाइन किनारे शव मिलने की सूचना के बाद परिजन और वार्डवासी घटनास्थल पहुंचे। मृतक के 3 बच्चे है। मौत का कारण अज्ञात है। शव परीक्षण उपरांत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## नंबर प्लेट अभियान कागज़ों तक सीमित
## सड़कों पर नियमों की खुलेआम धज्जियां

**बिना नंबर प्लेट दौड़ रहीं खटारा बसें, स्कूल बसें और एंबुलेंस तक बेखौफ**

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशों के बाद जहां कई स्तरों पर सख्ती देखने को मिल रही है, वहीं यातायात विभाग की जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। सड़कों पर आज भी बिना नंबर प्लेट वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, जिनमें खटारा यात्री बसें, स्कूल बसें और यहां तक कि एंबुलेंस तक शामिल हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यह स्थिति यातायात प्रभारी विनोद दुबे के कार्यकाल में और अधिक बिगड़ी है। लोगों का कहना है कि नियमों के पालन के बजाय केवल दिखावटी कार्रवाई की जा रही है। यहां तक कि प्रचार के लिए उपयोग की जाने वाली तस्वीरें भी




वास्तविक न होकर कथित तौर पर बनावटी बताई जा रही हैं। आरोप है कि मूल फोटो तक उपलब्ध नहीं कराई जाती, बल्कि झूठी और हवाई उपलब्धियों के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है कि स्कूली बच्चों को ले जाने वाली बसें और जीवनरक्षक एंबुलेंस तक बिना पहचान के सड़कों पर चल रही हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में जवाबदेही तय करना मुश्किल हो जाता है। जनता का मानना है कि यह लापरवाही सीधे तौर पर जनसुरक्षा से खिलवाड़ है। नागरिकों ने मांग की है कि पुलिस अधीक्षक स्तर पर किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के साथ-साथ यातायात विभाग में पदस्थ अधिकारियों की भूमिका की भी गंभीर समीक्षा होनी चाहिए। उच्च अधिकारियों से इस पूरे मामले पर तत्काल संज्ञान लेने और वास्तविक, सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## दुकानदारों पर 3900 का किया गया स्पॉट फाइन

**कटनी।** नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले प्रतिष्ठान संचालकों तथा डस्टबिन का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाकर सफाई व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार सख्ती दिखाई जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इसी श्रृंखला में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार शाम उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के बाजार स्थलों में अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गों पर कचरा फेंकने तथा अमानक पॉलीथिन का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध 3 हजार 900 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई के समय स्वास्थ्य निरीक्षक दीपक अग्निहोत्री, वार्ड दरोगा राकेश कुमार निगम ,दीपक जानोकर, विनय अरखेल, सुरेंद्र नाहर, सोहन शंभू , सुशील मलिक लीलाधर ,अनिल,फूलचंद आदि कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## शहर में विभिन्न स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव

**कटनी।** वर्तमान में शहर में रात के न्यूनतम तापमान में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है। रात में ठंड़ से बचाव के लिए कटनी नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलानें हेतु जलाऊ लकड़ियों की व्यवस्था रोजाना की जा रही हैं। जिससे आम नागरिकों को सर्दी से राहत मिल रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा बढ़ती सर्दी से शहर के नागरिकों को राहत देने के लिए विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने के लिए निर्देश दिए गए है। उसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में अनेक सार्वजनक जगहों एवं चैराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। जिसमें रविवार शाम चांडक चौक जगन्नाथ मंदिर, आजाद चौक, बस स्टैंड, रैन बसेरा, फायर ब्रिगेड कार्यालय, आर.पी.एफ थाना, रेलवे स्टेशन चौराहा, अंजुमन स्कूल के सामने, जिला चिकित्सालय आदि स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई। बढ़ती ठंड के मद्देनजर यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी।

## दिव्यांग छात्रों ने किया मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी का शैक्षिक भ्रमण

**कटनी।** समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन कटनी द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग छात्रों को मुकुंदपुर स्थित व्हाइट टाइगर सफारी और चिड़ियाघर का एक्सपोजर टूर कराया गया। इस शैक्षिक भ्रमण के लिए कुल 39 दिव्यांग छात्रों का चयन किया गया था, जिन्होंने हाल ही में आयोजित सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त किया था। इन छात्रों के साथ उनके मार्गदर्शी शिक्षकों ने भी भ्रमण में भाग लिया। जितेन्द्र दुबे, समावेशी शिक्षा समन्वयक, और डॉ. सचिन श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में इस दल ने मुकुंदपुर पहुंचकर वन्य प्राणियों को बहुत करीब से देखा। भ्रमण के दौरान छात्रों को विभिन्न प्रकार की शैक्षिक जानकारियाँ प्रदान की गईं। वन्य प्राणियों और विशेष रूप से सफ़ेद बाघ को नज़दीक से देखने का अनुभव छात्रों के लिए अत्यंत रोमांचक रहा। छात्रों ने प्रकृति और वन्य जीवन के प्रति गहरी रुचि दिखाई।

## समस्याओं के समाधान हेतु सर्विस डेस्क सुविधा प्रारंभ

**कटनी।** प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कागजी कार्यवाही को कम करने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और पारदर्शिता बढाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस कार्यप्रणाली लागू है। ई-ऑफिस पोर्टल पर कार्य करने में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु एनआईसी द्वारा ₹सर्विस डेस्क₹ सुविधा प्रारम्भ की गई है। इस संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सभी विभागों को निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देश के अनुसार एनआईसी सर्विस डेस्क पोर्टल https://servicedesk.nic.in पर संलग्न निर्देशिका के अनुसार विभाग अपनी समस्या दर्ज कर समाधान प्राप्त कर सकते है।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 41 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 41 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम पालडिगवार निवासी श्रीमती झूली बाई ने नक्शा तरमीम किए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम बम्हनी निवासी हनुमानशरण तिवारी ने नल-जल योजनांतर्गत ट्यूब वेल को सुधार कर निर्बाध जल आपूर्ति प्रदाय करने, तहसील अनूपपुर के ग्राम बदरा निवासी राजकुमार चौधरी ने तालाब के गहरीकरण किए जाने, तहसील कोतमा के ग्राम पंचायत गोड़ारू निवासी सूर्यभान सिंह ने वनाधिकार के तहत पट्टा प्रदाय करने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम करौंदी निवासी श्रीमती ओमवती देवी ने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम हरद निवासी श्री बिकनू ने स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिए।



# नवपदस्थ डीआरएम का मजदूर कांग्रेस ने किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

साऊथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के मण्डल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, जोनल कोषाध्यक्ष साईं किरण (चंदू) एवं डीआरएम कार्यालय ब्रांच सचिव राणा नंदी के साथ बिलासपुर मण्डल के नवपदस्थ मण्डल रेल प्रबन्धक राकेश रंजन के बिलासपुर डीआरएम पद पर पदभार संभालने पर मजदूर कांग्रेस की ओर से स्वागत कर शुभकामनाएं बधाई दी। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया की इस बैठक में अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक तथा वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी डॉक्टर अंशुमन मिश्रा भी मौजूद थे। उक्त भेंट में कर्मचारियों से संबंधित अनेक विषयों पर चर्चा हुई जिसमें मुख्यतः मेडिकल विभाग से सम्बन्धित विषय जैसे कोरबा, बृजराजनगर एवं उमरिया में मेडिकल सुविधा ना होने के कारण अन्य निजी अस्पतालों के साथ टाइअप करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई एवं लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, सीनियर टेक्नीशियन, ट्रैक मेंटेनर के पदोन्नति एवं साथ में वाणिज्य विभाग के सीसीटीसी के पदोन्नति को भी 31 दिसम्बर के पूर्व लागू करने हेतु बात की गई। मण्डल रेल प्रबंधक से अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई उक्त मुद्दों पर मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा जल्द से जल्द निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया।



### कर्मचारियों की पदोन्नति और चिकित्सा सुविधाओं पर आर-पार की चर्चा

# मजदूर कांग्रेस ने घेरा डीआरएम कार्यालय

**शहडोल।**

**साऊथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस ने बिलासपुर मंडल के नवपदस्थ मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के पदभार संभालते ही कर्मचारियों की सुलगती समस्याओं को उनके मेज पर रख दिया है। संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि कर्मचारियों के हितों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

### पदोन्नति के लिए 31 दिसंबर का डेडलाइन

बैठक में मण्डल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, जोनल कोषाध्यक्ष साईं किरण और सचिव राणा नंदी ने कड़ा रुख अपनाते हुए लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, सीनियर टेक्नीशियन और ट्रैक मेंटेनरों की रुकी हुई पदोन्नति का मुद्दा उठाया। मजदूर कांग्रेस ने दोटूक मांग रखी है कि वाणिज्य विभाग के सीसीटीसी सहित इन सभी संवर्गों की पदोन्नति प्रक्रिया हर हाल में 31 दिसंबर से पहले पूरी की जाए।

### मेडिकल सुविधाओं पर तीखे सवाल

जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने प्रबंधन को आईना दिखाते हुए कहा कि कोरबा, बृजराजनगर और उमरिया जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर बुनियादी मेडिकल सुविधाएं न होना गंभीर चिंता का विषय है। संगठन ने मांग की है कि इन क्षेत्रों में रेल कर्मचारियों के लिए निजी अस्पतालों के साथ तत्काल टाई-अप किया जाए। एडीआरएम और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. अंशुमन मिश्रा की मौजूदगी में हुई इस चर्चा के बाद, डीआरएम ने सभी मुद्दों पर जल्द निराकरण का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन इन आश्वासनों को कितनी गंभीरता से जमीन पर उतारता है।

### सैकड़ों ट्रांसपोर्टरों का जमावड़ा, विवाद के बाद गाड़ियों के पहिए थमे

# रामपुर बटुरा खदान बना रणक्षेत्र

**शहडोल।**

**सोहागपुर एरिया की रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना सोमवार को उस समय युद्ध के मैदान में तब्दील हो गई, जब कोयला उठाव और भुगतान के विवाद को लेकर दो जिलों के ट्रांसपोर्टर, डीओ होल्डर और उनके समर्थक आमने-सामने आ गए। अनूपपुर और शहडोल जिले के सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा होने से स्थिति इतनी विस्फोटक हो गई कि किसी भी वक्त बड़ी हिंसक झड़प की आशंका गहरा गई थी।**



### भुगतान का संकट और वर्चस्व की जंग

हंगामे की मुख्य जड़ डीओ होल्डर और ट्रांसपोर्टरों के बीच लंबे समय से अटका हुआ भुगतान है। बताया जा रहा है कि गाड़ी मालिकों को समय पर पैसा नहीं मिल रहा है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इसी आक्रोश के चलते अनूपपुर जिले के बिजुरी, कोतमा, जैतहरी और वेंकटनगर के ट्रांसपोर्टरों ने जिला पंचायत सदस्य वार्ड नं. 7 रामजी मिश्रा रिंकू की अगुवाई में मोर्चा खोल दिया। दूसरी तरफ बुढ़ार-शहडोल के गुटों के बीच घंटों तीखी बहसबाजी चलती रही।

### सामाजिक कार्यकर्ताओं और पुलिस ने संभाला मोर्चा

विवाद की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा, जनपद सदस्य चंद्रकुमार तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश सिंह, राजेश तिवारी और अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। जब लगा कि स्थिति हाथ से निकल रही है, तब भूपेश शर्मा ने तत्काल थाना प्रभारी बाणसागर (मलाई) जयप्रकाश नारायण शर्मा को सूचना दी। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। साथ ही एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों को भी इस तनाव से अवगत कराया गया।

### तीन दिन में भुगतान करो, वरना खदान होगी बंद

घंटों चली खींचतान और मान-मनौव्वल के बाद एक अस्थाई समझौता हुआ है। चार दिनों से खदान में खड़ी गाडिय़ों को इस शर्त पर शुरू किया गया है कि अगले तीन दिनों के भीतर सभी डीओ होल्डरों का बकाया भुगतान अनिवार्य रूप से कर दिया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नेताओं ने दोटूक चेतावनी दी है कि यदि तय समय में भुगतान नहीं हुआ, तो रामपुर बटुरा परियोजना में कोयला लोडिंग पूरी तरह ठप्प कर दी जाएगी।

### स्थानीय गरिमा पर आंच न आए

जनप्रतिनिधियों ने एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया है कि इस विवाद के कारण रामपुर क्षेत्र और यहां के किसानों की छवि धूमिल नहीं होनी चाहिए। कोयला उत्खनन के नाम पर ट्रांसपोर्टरों का शोषण और आपसी विवाद उद्योग नगरी के भविष्य के लिए बड़ा संकट पैदा कर सकता है।

### जबलपुर, उज्जैन और छिंदवाड़ा ने फूंका सेमीफाइनल का बिगुल

# मैदान पर मचे घमासान में शहडोल पस्त



**शहडोल।**

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता अब अपने निर्णायक और सबसे आक्रामक मोड़ पर पहुंच गई है। शुरुआती दो दिनों के मुकाबलों में टीमों के बीच हुए कड़े संघर्ष और करो या मरो की स्थिति ने सेमीफाइनल की तस्वीर पूरी तरह साफ कर दी है। जहां कुछ टीमों ने अपना वर्चस्व कायम रखा, वहीं मेजबान शहडोल को करारी हार का सामना कर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है।

### उज्जैन का प्रचंड प्रहार

प्रतियोगिता के पहले दिन से ही उज्जैन की टीम किलर इंस्टिंक्ट के साथ मैदान पर उतरी। पहले दिन के अंतिम मुकाबले में उज्जैन ने खरगौन की रक्षापंक्ति को पूरी तरह तहस-नहस करते हुए 4-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। उज्जैन का विजय रथ यहीं नहीं रुका, दूसरे दिन एक बेहद कड़े मुकाबले में उन्होंने ग्वालियर को 2-1 से शिकस्त देकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। इस मैच में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त शारीरिक खेल और तकनीकी कौशल देखने को मिला।

### मेजबान शहडोल की शर्मनाक हार

दूसरे दिन का पहला मुकाबला स्थानीय दर्शकों के लिए निराशाजनक रहा। छिंदवाड़ा की टीम ने मेजबान शहडोल को खेल के हर विभाग में बौना साबित कर दिया। बेहतरीन तालमेल और सधे हुए पास के दम पर छिंदवाड़ा ने शहडोल को 3-0 से रौंदते हुए शान के साथ सेमीफाइनल में कदम रखा। स्थानीय टीम की इस हार ने खेल प्रेमियों को स्तब्ध कर दिया है।

### पेनाल्टी शूटआउट का रोमांच

प्रतियोगिता का सबसे कांटे का मुकाबला जबलपुर और इंदौर के बीच देखा गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं, जिसके बाद मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। नसों को थका देने वाले इस दबाव में जबलपुर के खिलाड़ियों ने संयम बनाए रखा और 5-4 से जीत हासिल कर इंदौर का सफर समाप्त कर दिया। अब सबकी निगाहें सेमीफाइनल मुकाबलों पर टिकी हैं।

# अवैध उत्खनन की कलेक्टर से शिकायत



**हरिभूमि न्यूज बड़वारा**

नियमों को ताक पर रखकर नदियों से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। तय क्षेत्रफल से अधिक एरिया में रेत का उत्खनन मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है जिस पर जिला एवम खनिज विभाग के अधिकारियों का नियंत्रण नही रह पाया है। अधिवक्ता अनिल सिंह सेंगर ने कलेक्टर एवम उप संचालक खनिज को सौंपे शिकायती पत्र में 06 विन्दुओं पर शिकायत पत्र सौंपते उल्लेख करते हुए लिखा है। नदी से किसी वैध अनुमति के खुलेआम अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। नदी के बीचो-बीच अवैध रैंप बनाकर मूल जलधारा में परिवर्तन किया गया है जो कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, खनिज नियमों एवं एनजीटी के स्पष्ट निर्देशों का खुला उल्लंघन है। शिकायती पत्र के माध्यम से बताया गया है कि खनिज विभाग के अधिकारी एवं कुछ प्रशासनिक अधिकारी ठेकेदार से मिलीभगत कर शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुँचा रहे हैं। शिकायती पत्र पर निम्न बिन्दुओं पर मांग की गई जिसमें 1.संबंधित स्थलों पर तत्काल संयुक्त जांच दल गठित कर अवैध रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। 2. नदी के बीच बनाए गए अवैध रैंप तत्काल हटवाए जाएं एवं जलधारा को पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए। 3. अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों/माफियाओं पर एफआईआर दर्ज की जाए। 4. अवैध रेत स्टाक को तत्काल जप्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। 5. इस पूरे प्रकरण में लापरवाही व मिलीभगत बरतने वाले खनिज विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाए। 6. पर्यावरणीय क्षति का आकलन कर दोषियों से क्षतिपूर्ति वसूली की जाए।

### आटो एवं ई रिक्शा में सुरक्षा सफर के लिए अभिनव पहल

# चालकों का डाटा संग्रहित कर लगाया क्यूआर कोड स्टीकर

**हरिभूमि न्यूज कटनी**

आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं एवं रेल यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कटनी पुलिस द्वारा "आपका सारथी कौन" नामक अभिनव अभियान की शुरुआत की गई है। यह पहल जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशनों—कटनी, कटनी मुडवारा एवं कटनी साउथ—पर प्रारंभ की गई है, जिसका उद्देश्य ऑटो रिक्शा यात्राओं को सुरक्षित, भरोसेमंद एवं पारदर्शी बनाना है।अभियान के तहत जिले के सभी ऑटो रिक्शा चालकों का डाटा संकलित कर उन्हें एक विशिष्ट चालक क्रमांक प्रदान किया गया है, जिसे उनके वाहन क्रमांक से जोड़ा गया है। प्रत्येक ऑटो में QR कोड युक्त स्टीकर लगाया गया है, जिसके माध्यम से यात्री चालक का नाम, मोबाइल नंबर देख सकते हैं और QR कोड स्कैन कर सीधे पुलिस को फीडबैक या शिकायत भेज सकते हैं।अक्सर यात्रियों को चालक की पहचान न होने के कारण यात्रा के दौरान सामान छूटने या अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



# कृषि विज्ञान केन्द्र में स्वच्छता पर आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कटनी**

कृषि विज्ञान केंद्र कटनी में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली के निर्देशानुसार 16 से 31 दिसंबर 2025 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन और कृषकों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है।.

कृषि विज्ञान केंद्र कटनी में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ प्रारंभ की गई। इस अवसर पर केंद्र के समस्त वैज्ञानिकों डॉ आर के मिश्रा, वैज्ञानिक (पशुपालन विज्ञान),डॉ यति राज खरे वैज्ञानिक (कृषि विस्तार)डॉ शशि गौर, वैज्ञानिक (खाद्य विज्ञान),डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, वैज्ञानिक (पौध प्रजनन एवं आनुवांशिकी) ,डॉ आर पी बैन वैज्ञानिक (कृषि विस्तार),डॉ के पी द्विवेदी, वैज्ञानिक (कृषि वानिकी), श्रीमति प्रियंका धुर्वे (कंप्यूटर विज्ञान) ,डॉ संदीप चंद्रवंशी वैज्ञानिक (मौसम विज्ञान), एवं कर्मचारियों तथा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने स्वच्छता बनाए




## खबर संक्षेप

### शासकीय कार्यालयों में 24 दिसम्बर को अधिकारी/कर्मचारी सुशासन की लेंगे शपथ

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने बताया है कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को ''सुशासन दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। उक्त दिवस के अवसर पर 24 दिसम्बर को प्रातः 11:00 बजे जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए शपथ लेंगे।

### सड़क दुर्घटना में पंडित नरेंद्र द्विवेदी का निधन




**अमरकंटक।** पावन नगरी अमरकंटक से लगभग 8 किलोमीटर दूर शहडोल मार्ग पर जलेश्वर तिराहा के पास मंगलवार 23 दिसंबर दोपहर लगभग 12:30 बजे एक सड़क दुर्घटना में शहडोल जिले के बुढ़ार निवासी नरेंद्र द्विवेदी (37) का निधन हो गया, जबकि उनके साथी नीलमणि तिवारी (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलमणि तिवारी एवं नरेंद्र द्विवेदी हीरो होंडा सीडी डॉन मोटरसाइकिल क्रमांक एम 18 एमसी 0419 से बुढ़ार (शहडोल) से अमरकंटक के अरंडी संगम, नर्मदा तट पर कालसर्प योग, त्रिपिंडी श्राद्ध एवं ग्रह दोष पूजा संपन्न कराने आ रहे थे। जलेश्वर तिराहा के समीप तेज रफ्तार के कारण मोटर साइकिल असंतुलित होकर गिर गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय युवक विनायक द्विवेदी एवं आदित्य जायसवाल मौके पर पहुंचे और जन सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत नरेंद्र द्विवेदी को मृत घोषित कर दिया। नीलमणि तिवारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए शहडोल रेफर किया गया। मृतक नरेंद्र द्विवेदी पिता पिंकी द्विवेदी, निवासी हाथी डोल, बुढ़ार (जिला शहडोल) तथा घायल नीलमणि तिवारी पिता रामलखन तिवारी, निवासी बोडरी (शहडोल) बताए गए हैं। दोनों अमरकंटक के अरंडी संगम नर्मदा तट पर नियमित रूप से पूजा-पाठ कराते थे और उनके अनेक यजमान थे। घटना की सूचना मिलते ही ब्राह्मण समाज में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण दर्ज कर लिया है तथा घटना की विवेचना की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### आधार कार्ड सुधारने को लेकर विद्यालयों में शिविरों का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के शासकीय विद्यालयों में विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ दिलाए जाने हेतु विद्यार्थियों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व नए आधार कार्ड बनाए जाने हेतु आधार कैम्प का आयोजन प्रतिदिन अलग-अलग विद्यालयों के निर्धारित समय में किया जा रहा है। विकासखण्ड अनूपपुर के शासकीय हाईस्कूल शिकारपुर, बेलियाबड़ी तथा भालूमाड़ा में 24 दिसम्बर को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड जैतहरी के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरसी में 24 दिसम्बर को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। विकासखण्ड कोतमा के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कोतमा, सीएम राईज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचखुरा में 24 दिसम्बर को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ के शासकीय माध्यमिक विद्यालय सालरगोंदी, शासकीय हाईस्कूल बड़ी तुम्मी तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय बराझ, शासकीय माध्यमिक विद्यालय धीरूटोला, शासकीय माध्यमिक विद्यालय लालपुर, शासकीय माध्यमिक विद्यालय लमसरई, शासकीय माध्यमिक विद्यालय पिपरटोला तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय हर्रई में 24 दिसम्बर को आधार कैम्पों का आयोजन किया जाएगा।

## 5 घंटे रहा शहडोल अमरकंटक मार्ग बंद, बस, ट्रक, कार के थमे रहे पहिये

# किरर टोल प्लाजा पर भड़का ट्रांसपोर्टरों का गुस्सा







### ट्रांसपोर्टरों के ज्ञापन पर प्रशासन का संज्ञान न लेना बनी वजह

शहडोल-अमरकंटक मुख्य सडक़ मार्ग के किरर टोल प्लाजा को लेकर ट्रांसपोर्टरों ने प्रशासन को पहले चेतावनी के साथ ज्ञापन सौंपा था जिनमें विभिन्न मांगों के साथ बिना सडक़ मेंटनेंश के पैसे वसूले जाने का विरोध दर्ज कराया था यह ज्ञापन जिला कलेक्टर एवं एसडीएम पुष्पराजगढ़ को सौंपा गया था किन्तु इसमें कोई कार्यवाही नही होने पर मंगलवार की दोपहर 1 बजे से सडक़ जाम कर दिया गया जिससे आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों से दो चार होना पड़ा है, बाद में एमपीआरडीसी से मिले आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने सशर्त जाम खोल दिया उससे पहले 5 घंटे तक सडक़ मार्ग बाधित रहा।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अमरकंटक से जिला मुख्यालय तक जाने वाली सबसे व्यस्त सडक़ मार्ग पर एमपीआरडीसी द्वारा दो टोलवे लगाकर माल वाहक वाहनों से पैसे वसूले जा रहे हैं जब यह नाके लगाये गये थे तभी से ट्रांसपोर्टर इसका विरोध करते आ रहे हैं उसी क्रम में इनके द्वारा जिला दण्डाधिकारी एवं पुष्पराजगढ़ एसडीएम को ज्ञापन क्रमशः दिनांक 02.12.2025 एवं 17.12.2025 को सौंपा गया था साथ ही एसडीएम को सौंपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया था कि उक्त टोल प्लाजा पर अवैध वसूली एवं मापदण्डों का पालन नही किया जाता यदि दिनांक 23.12.2025 तक निर्णय नही होता तो इस दिनांक को टोल प्लाजा परिषर में हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन करेंगें और हुआ भी वही। ट्रांसपोर्टरों द्वारा हड़ताल के क्रम को बढ़ाते हुये इस सडक़ को दोपहर 1 बजे से बंद कर दिया गया जिसमें सैकड़ों की तादाद में वाहनों के पहिये जाम हो गये, यात्रियों को इस दौरान भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, 5 घंटे बाद राजस्व, एमपीआरडीसी एवं पुलिस की समझाईस व आश्वसन के बाद जाम खुल सका।

### तो क्या लापरवाही से लगा जाम?

अनूपपुर के किरर टोल प्लाजा मंगलवार के दिन 5 घंटे तक बंधक बनकर रह गया इस दौरान वाहनों से आवाजाही करने वाले लोगों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ा किसी की ट्रेन छूटी तो किसी की मीटिंग हलांकि अतिआवश्यक एवं एम्बुलेंश आदि वाहनों को आने जाने दिया गया किन्तु सवाल यह खड़ा होता है कि जब ट्रांसपोर्टरों द्वारा एसडीएम पुष्पराजगढ़ को दिनांक 17.12.2025 में सौंपे गये ज्ञापन पर यह उल्लेख किया गया था कि ज्ञापन पर यदि संज्ञान नही लिया गया तो दिनांक 23.12.2025 को हड़ताल विरोध प्रदर्शन किया जायेगा बावजूद इसके न तो प्रशासन को ज्ञात रहा और न ही उसके द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई जिससे यात्रियों को बेवजह 5 घंटे जाम में फंसा रहना पड़ा।

### यह है पूरा मामला

पुष्पराजगढ़ के ट्रांसपोर्टरों द्वारा सैकड़ो दस्तखत के साथ ज्ञापन जिला कलेक्टर को 02.12.2025 को सांपते हुये बताया गया था कि दिनांक 30.11.2025 से किरर घाट एवं पोंडक़ी में एमपीआरडीसी द्वारा टोल नाके लगाकर वसूली की जा रही है जो आमजन एवं वाहन मालिकों से छलावे जैसा है कारण इस मार्ग की स्थिति दयनीय है पूरी रोड बड़े-बड़े गढ्ढों युक्त है एवं सडक़ के शोल्डर नही भरे गये हैं जिससे आये दिन दुर्घटना होती रही है अतः ये कार्य पूर्ण कराये बिना टोल प्लाजा लगाना उचित नही है अतः हम ट्रांसपोर्टर इसका विरोध करते हुये बंद कराये जाने की मांग करते हैं इसके बाद दिनांक 17.12.2025 को पुनः दूसरा ज्ञापन एसडीएम पुष्पराजगढ़ को सौंपकर ऐसी ही मांग रखी गई उसके साथ टोल प्लाजा में रहने वाली अन्य व्यवस्थाओं की भी बात रखी गई साथ ही यह भी उल्लेखित किया गया कि मांगे नही मानी गई तो 23.12.2025 को हड़ताल प्रदर्शन किया जायेगा और हुआ भी वही।

### प्रशासन रहा मौजूद पर दिखा सुस्त

ट्रांसपोर्टरों द्वारा जैसे ही दोपहर के 1 बजे यातायात रोका गया कुछ ही देर में कोतवाली टीआई अरविंद जैन अपने साथियों के साथ जाम वाली जगह पर पहुंच ट्रांसपोर्टरों से बात किये जो बेनतीजा रही इसके बाद 3 घंटे तक इनके अलावा कोई भी प्रदर्शन स्थल तक नही पहुंचा बाद में तहसीलदार एवं एसडीओपी अनूपपुर उक्त स्थल में पहुंच कर आंदोलनकारियों से वार्तालाप किये यह भी बेनतीजा रही कारण ट्रांसपोर्टरों की मांगे एमपीआरडीसी से थी जिनका आश्वासन देना इन अधिकारियों के दायरे से बाहर रहा बाद में एसडीएम अनूपपुर व एमपीआरडीसी के एजीएम बी.एस. वास्कल अपने एक साथी के साथ पहुंचे जो सीधे तौर पर कोई बात नही रख पाये जिससे हड़ताल शांत हो सके बाद में अपने उच्चअधिकारियों से बात कर यह आश्वासन दिया गया कि जब तक 30 प्रतिशत मेंटनेंश कार्य पूर्ण नही होता तब तक के लिये ये टोल नाके बंद रहेगें साथ ही शेष मेंटनेंश जल्द ही पूरा कराया जायेगा मतलब पूरे घटना क्रम में प्रशासन लगातार मौजूद रहा किन्तु हड़ताल व सडक़ जाम का 5 घंटे तक लगा रहना स्वतः सवाल खड़ा करता है।

### ट्रांसपोर्टरों ने बांटे पानी समोसे

वैसे तो टोल नाकों में पानी सुलभ शौचालय की व्यवस्था होना अनिवार्य होता है किन्तु उक्त टोल नाके में अन्य व्यवस्थाओं के साथ ये मूलभूत व्यवस्था भी नदारद रही इसी बीच यात्री बसों में फंसे महिलाओं एवं बच्चों को खाने पीने की चीजों के लिये भटकते तरसते देख ट्रांसपोर्टरों द्वारा समोसे व पानी की बोतलें मंगाकर फंसे यात्रियो को बांटे गये जिससे बच्चों को थोड़ी राहत मिली हलांकि यह टोल नाका जिस जगह पर लगाया गया है वहां से काफी दूरी तक दुकान का आभाव भी एक कारण बना रहा। लंबे चले इस जाम के दौरान जितनी भी बात प्रशासन एवं आंदोलनकारियों की बातें हुई वे नोक झोंक में तब्दील होती रही।

### इनका कहना है

हमने अपने उच्चअधिकारियों से बात की जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही मेंटनेश कार्य पूर्ण कराया जायेगा साथ ही जब तक 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण नही होता तब तक उक्त नाके में पैसे वसूली नही होगी।

**बी.एस. वास्कल**
**एजीएम, एमपीआरडीसी**

एमपीआरडीसी के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही सडक़ के गढ्ढों का भराव कर सडक़ मरम्मत किया जायेगा तब तक नाके में वसूली रू की रहेगी।

**कमलेश पुरी**
**एसडीएम अनूपपुर**

हमें किसी भी प्रकार की आंदोलन वाली सूचना नही थी सडक़ जाम करना गैर कानूनी है जिसमें कानूनी पक्ष के तहत कार्यवाही की जावेगी।

**सुमित केरकेट्टा एसडीओपी, अनूपपुर**

### अमरकंटक में परम तपस्वी योगीराज बर्फानी दादा जी महाराज की पंचम पुण्यतिथि श्रद्धा, साधना एवं सेवा भाव के साथ संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** माँ नर्मदा की पावन उद्गम स्थली, तपोभूमि एवं धार्मिक तीर्थ नगरी अमरकंटक स्थित प्राचीन बर्फानी आश्रम में आश्रम के संस्थापक, परम तपस्वी, योगीराज एवं ब्रह्मलीन संत बर्फानी दादा जी महाराज की पंचम पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं पारंपरिक वैदिक विधि-विधान के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर दादा जी महाराज के श्री चरणों में विशेष पूजन-अर्चन, अभिषेक एवं महाआरती संपन्न हुई। आश्रम परिसर हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं साधना के दिव्य वातावरण से गुंजायमान रहा। देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे साधु-संतों, शिष्यों, अनुयायियों एवं श्रद्धालुओं ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर दादा जी महाराज के तप, त्याग एवं सेवा के आदर्शों का स्मरण किया। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आश्रम में विशाल अन्नदान एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग पाँच सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसके अतिरिक्त साधु-संतों, ब्राह्मणों एवं निर्धन-निराश्रित जनों को कंबल वितरित कर सेवा एवं करुणा भाव का संदेश दिया गया। बर्फानी आश्रम के प्रमुख संत बालयोगी लक्ष्मण दास जी महाराज ने बताया कि दादा जी महाराज की पुण्यस्मृति में आश्रम में पूरे दिन भजन-पूजन, ध्यान एवं स्मरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में अयोध्या धाम में भी दादा जी महाराज की स्मृति में विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ था। अमरकंटक स्थित आश्रम में आयोजित यह पुण्यतिथि कार्यक्रम सायंकाल तक भक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण में चलता रहा। बर्फानी दादा जी महाराज का सम्पूर्ण जीवन तप, साधना, त्याग एवं लोककल्याण को समर्पित रहा, जिनकी दिव्य प्रेरणा आज भी असंख्य श्रद्धालुओं के जीवन को आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर कर रही है।



## रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना बनी तनाव का केंद्र, समय रहते टला बड़ा टकराव

# सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व प्रशासन की सूझबूझ से बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना (कोल स्टार के समीप) उस समय तनाव का केंद्र बन गई जब अचानक सैकड़ों की संख्या में ट्रांसपोर्टर, डिओं होल्डर, लिफ्ट मालिक और उनके सहयोगी कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हो गए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कुछ समय के लिए क्षेत्र युद्ध के मैदान जैसा नजर आने लगा। अनूपपुर जिले के बिजुरी, कोतमा, जैतहरी, वेंकट नगर एवं अनूपपुर क्षेत्र से आए डिओ -होल्डर व ट्रांसपोर्टरों का नेतृत्व जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 7 के सदस्य रामजी मिश्रा (रिंकू) कर रहे थे, जबकि शहडोल-बुढ़ार क्षेत्र से रिकी भैया, रिकी सरवर अपने समर्थकों के साथ मौजूद थे। दोनों पक्षों के बीच घंटों तक तीखी बातचीत चलती रही। इसी दौरान परियोजना प्रभावित क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा, जनपद सदस्य चंद्रकुमार तिवारी, पूर्व एसडीएम एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष वरिष्ठ नेता रमेश सिंह, राजेश तिवारी, ग्रीरामणि, अखिलेश त्रिपाठी, ललन साहू, सत्यनारायण साहू (सत्तू) सहित कई यूनियन कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। भीड़ बढ़ने के साथ विवाद की आशंका और गहराती जा रही थी। स्थिति को बिगड़ते देख सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा ने तत्काल थाना प्रभारी जयप्रकाश नारायण शर्मा को सूचना दी। थाना प्रभारी, पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे, जिससे स्थिति नियंत्रण में आई। साथ ही एसईसीएल प्रबंधन के टी. पांडे एवं महाप्रबंधक/संचालक को भी मामले से अवगत कराया गया। सबेरिया मैनेजर से संपर्क का प्रयास किया गया, पर वे क्षेत्र से बाहर होने के कारण उपलब्ध नहीं हो सके।

बैठक व आपसी संवाद के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि ट्रांसपोर्टरों और गाड़ी मालिकों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। डिओ-होल्डर और लिफ्ट मालिक समय पर भुगतान न मिलने के कारण असंतोष में थे, जिससे आपसी विवाद उत्पन्न हुआ। प्रशासन, सामाजिक कार्यकर्ताओं और दोनों पक्षों की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि चार दिनों से खड़ी सभी गाड़ियों का संचालन तत्काल शुरू किया जाएगा, तीन दिवस के भीतर सभी बकाया भुगतान अनिवार्य रूप से किए जाएंगे, यदि निर्धारित समय में भुगतान नहीं हुआ तो संबंधित गाड़ी मालिकों के वाहनों को रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना में प्रवेश से रोक दिया जाएगा। इस निर्णय पर सभी पक्षों ने सहमति जताई, जिससे बड़ा टकराव टल गया। अंत में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी मौके पर पहुंचकर समाधान का समर्थन किया। स्थानीय प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन से अपील की गई कि रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना से प्रभावित किसानों की आन-बान-शान का सम्मान करते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए, ताकि रामपुर खंडा गांव की छवि धूमिल न हो और उद्योग नगरी में कोई संकट पैदा न हो।

# एकलव्य विद्यालय अनूपपुर में 21वीं सदी के कौशल विकास पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) के महानिदेशक के निर्देशन तथा डायरेक्टर मैनिट भोपाल के मार्गदर्शन में फेकल्टी ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग एवं रोबोनॉट्स इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, जिला अनूपपुर (मध्य प्रदेश) में 21वीं सदी के कौशल विकास विषय पर दो दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, समस्या समाधान, तकनीकी दक्षता एवं वैज्ञानिक सोच जैसे आधुनिक युग के आवश्यक कौशलों का विकास करना था। इस दौरान विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, कोडिंग, सर्किट निर्माण, प्रोग्रामिंग एवं विज्ञान जागरूकता से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने रोबोटिक लर्निंग किट के माध्यम से विभिन्न स्टेम आधारित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की और आधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती निष्ठा अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के तकनीकी कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई तकनीकों की गहरी समझ प्रदान करते हैं तथा उन्हें भविष्य की शिक्षा एवं करियर के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोबोनॉट्स इंडिया के निर्देशक अर्पित सोनी ने बताया कि उनकी संस्था विगत कई वर्षों से प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्टेम शिक्षा, रोबोटिक्स एवं एम्बेडेड सिस्टम प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ने का कार्य कर रही है। वहीं डॉ. मनीष पांडे, डॉ. सुंदरलाल पाल एवं डॉ. ज्योतिर्लोक चौधरी ने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयामों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस आयोजन में एमपीसीएसटी, मैनिट भोपाल एवं रोबोनॉट्स इंडिया की टीम का विशेष सहयोग रहा। संस्था ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस प्रकार के नवाचारी कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के अनुभवी एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें श्रीमती निष्ठा अग्रवाल, श्रीमती शीला यादव, बाबूराव मंडल, राममिलन पटेल, सतीश गरेड, हर्षद बंसोड़, अरविंद सिंह, पवन नागर, मंजू भालोथिया, प्रियंका सेन, राहुल मंडल, कृष्ण सिंह तोमर, अंबिका कुमावत, श्रीमती रोजमेरी बाग, श्रीमती विनीता द्विवेदी सहित नीलू, अंजली परिहार, आरती, रवि अड़लक एवं समस्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टाफ का सक्रिय सहयोग रहा। सभी के सामूहिक प्रयास एवं सहभागिता से यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला अनूपपुर कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश कार्यकारणी के निर्देशानुसार 21 दिसंबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के सभाकक्ष में दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ हुई जिसमें समस्त विकास खण्ड, तहसील एवं नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प गुच्छ अर्पित कर किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अनिल कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ नरेंद्र पटेल नवनियुक्त संभागीय संगठन मंत्री तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय कुमार निगम के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम जिला कार्यकारिणी के द्वारा प्रदेश संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अनिल कुमार सिंह एवं नवनियुक्त संभागीय संगठन मंत्री का शाल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में निम्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष संजय कुमार निगम ने समस्त उपस्थित पदाधिकारियों से आह्वान किया कि संगठन के सभी पदाधिकारीयों को प्रत्येक मण्डल क्लस्टर में कर्तव्य बोध मनाने का संकल्प लिया जाय। कार्यक्रम में जिला सचिव शीलवंत तिवारी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण मौर्य के अलावा समस्त तहसील एवं ब्लॉक अध्यक्षों के द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। समस्त उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा कैलेण्डर के विमोचन पश्चात सभी को कैलेण्डर एवं हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ पुस्तक प्रदाय किया गया। समस्त बिंदुओं पर चर्चा उपरान्त प्रदेश संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अनिल कुमार सिंह के द्वारा कल्याण मंत्र वाचन पश्चात बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला सचिव शीलवंत तिवारी के द्वारा किया गया। बैठक के अंत में तरुणेन्द्र द्विवेदी जिला कोषाध्यक्ष के द्वारा आभार प्रकट किया गया।